यूपीआईटीईएक्स शुरू, देश-दुनिया के उत्पाद लेकर आए उद्यमी

इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में 300 से ज्यादा स्टॉल, कश्मीर से लेकर दुबई तक के उत्पाद उपलब्ध

मेगा एक्सपो का उद्घाटन उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने किया

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड एक्सपो (यूपीआईटीईएक्स) इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में शुरू हो चुका है। पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री यूपी चैप्टर का उत्तर प्रदेश सरकार के सहयोग से आयोजित एक्सपो का औपचारिक उद्घाटन शुक्रवार को उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने किया। एक्सपो 27 फरवरी तक लगा रहेगा।

उद्घाटन सत्र के बाद प्रेसवार्ता में पीएचडीसीसीआई के अध्यक्ष साकेत डालमिया, सीईओ व महासचिव सौरभ सान्याल ने एक्सपो के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस मौके पर सलाहकार डॉ. एचपी कुमार, स्टार्ट अप समिति के सह अध्यक्ष विनायक नाथ, उपमहासचिव डॉ. रंजीत मेहता, रेजीडेंट डायरेक्टर यूपी स्टेट चैप्टर अतुल श्रीवास्तव समेत अन्य मौजूद रहे। साकेत डालमिया ने बताया कि 300 से ज्यादा स्टॉल यहां लगे हैं, यह अपने आप में एक बड़ी संख्या और प्रदेश की अर्थव्यवस्था में लोगों के विश्वास को दिखाता है। कई राज्यों में ये आयोजन होंगे। एक्सपो जहां सीधे तौर पर उद्यमियों के उत्पाद को बाजार दे रहा है, वहीं पर्यटन उद्योग को भी फायदा पहुंचाएगा। वहीं सौरभ सान्याल ने कहा कि हम शिल्पकारों को उद्यमी बना रहे हैं।

380 ग्राम का सूटपीस, पाकिस्तान व थाईलैंड के कपड़े भी लाजवाब : इंदिरागांधी प्रतिष्ठान में लगे मेगा एक्सपो में कपड़े, फर्नीचर, अचार, अगरबत्ती, बेल्ट, मेवे से लेकर लिफ्ट तक के स्टॉल लगे हैं। आपकी जैसी जरूरत, वैसा सामान और कीमत भी सामान्य। परिसर में कदम रखते ही 999 और 1000 रुपये के डिजाइनर कपड़े लेकर शिल्पकार मौजूद हैं।

दुबई के स्टॉल पर फैसल ने बताया कि पाकिस्तान का प्योर सिल्क व शिफॉन लेकर आए हैं। कीमत 1500 रुपये से शुरू है। उसके अगले ही स्टॉल पर 380 ग्राम का सूटपीस कीमत 2500 रुपये है, वहीं प्योर शिफान भी इसी कीमत पर मिल जाएगा।

उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड एक्सपो में डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक व अन्य। -अमर उजाला

होटल से घर तक इस्तेमाल हो रहे बर्तन

दिल्ली से आए युवकों ने सर्वोसार्थ नाम से स्टॉल लगाया है। यहां मिट्टी के एक से एक डिजाइनर बर्तन मिल जाएंगे। कड़ाई, टी सेट, कैसरॉल सेट कुछ भी लीजिए। कारोबारी बताते हैं कि होटल से लेकर घरों तक में उनके बर्तन इस्तेमाल हो रहे हैं।

500 रुपये में थाईलैंड की कुर्ती

थाईलैंड से आई युवा कारोबारी के स्टॉल पर स्टोल के साथ कुर्तियों का सेट 500 रुपये में उपलब्ध है।

अमर उजाला लकी ड्रॉ में लें हिस्सा, जीतें इनाम

यूपीआईटीईएक्स 2023 में अमर उजाला के स्टॉल पर लकी ड्रॉ का आयोजन किया जा रहा है। यदि आप भी इनाम जीतना चाहते हैं तो स्टॉल पर जाकर हिस्सा ले सकते हैं। 23 और 24 फरवरी के विजेताओं की सूची दी जा रही है, वे अपना पुरस्कार डालीबाग स्थित अमर उजाला कार्यालय से शाम 5 से छह बजे के बीच प्राप्त कर सकते हैं।

■ विजेताओं के नाम

वेद प्रकाश-विशालखंड, अलका क्री-रिवर बैंक कॉलोनी, आशीष अग्रवाल-अवध पार्क, रोशन यादव-इंदिरानगर, दीपक सिंह दोसाद-इंदिरानगर, अरुण कुमार-राजेन्द्रनगर, प्रवीन पांडेय-एल्डिको सिटी आईआईएम चौराहा, अनिल कुमार-चिनहट, सिद्धार्थ राज सिंह-से.ओ, एलडीए कॉलोनी, अजय कुमार-उन्नाव।